# जयराम ने अहंकार में कहा, इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकतेः सुखविंदर सिंह

## प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के फॉर्म भरने की चुनाव आयोग ने दी इजाजतः सीएम

➩ मुख्यमंत्री ने शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रचार अभियान की शुरूआत डोडरा क्वार से की



गौरी दास

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत शिमला जिला के दूर-दराज क्षेत्र डोडरा-क्वार से की। भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने धन बल से सत्ता को हथियाने का प्रयास किया लेकिन उनके इरादे कामयाब नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सत्ता हथियाने की कोशिश करने की सजा भाजपा को ज़रूर देगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें कांग्रेस पार्टी के खाते में डालेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर कांग्रेस पार्टी के छह विधायकों को अपने साथ मिलाया और राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ क्रॉस वोट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पैसे के दम पर प्रदेश सरकार को गिराने की कोशिश भी की। उन्होंने कहा कि बिकाऊ नेता कभी भी जनसेवक नहीं हो सकते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने धनबल के अहंकार में यहां तक कहा कि भगवान भी इस सरकार को नहीं बचा सकते हैं लेकिन देवी-देवताओं के आशीर्वाद से वर्तमान राज्य सरकार ने बजट पास करवाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि की शुरुआत की है, जिसके तहत 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपया प्रति महीना पेंशन दी जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार को रुकवाने के लिए भाजपा नेता चुनाव आयोग के पास गए, जबकि यह योजना एक मार्च 2024 से पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है और इसके लिए 800 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है।

### भाजपा सांसद सुरेश कश्यप आपदा के समय गायब रहेः रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद सुरेश कश्यप आपदा के समय गायब रहे तथा सांसद ने ठियोग, रोहड़ू, जुब्बल-कोटखाई क्षेत्रों के विकास के लिए अपनी निधि से एक रुपया भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में मात्र एक बार डोडरा क्वार आए। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने सेब के कीटनाशकों व उर्वरकों पर सब्सिडी को ख़त्म कर दिया था, जिसे वर्तमान राज्य सरकार ने फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाग़बानों से सेब पर आयात शुल्क तीन गुना बढ़ाने की वादा किया था लेकिन इसके विपरीत केंद्र सरकार ने इसे घटाकर 35 प्रतिशत कर दिया है, जिसके कारण कोल्ड स्टोर का सेब भी नहीं बिक रहा है और सेब बागवानों को नुक़सान उठाना पड़ रहा है। रोहित ठाकुर ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में जिला शिमला से सिर्फ़ एक मंत्री था तथा विधानसभा चुनाव में उनका टिकट भी काट दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से ही शिमला जिला के साथ भेदभाव करती आई है।

### डोगरा क्वार और रोहड़ू का विकास कांग्रेस पार्टी की देन

मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि डोगरा क्वार और रोहड़ू का विकास कांग्रेस पार्टी की देन है तथा इसमें भाजपा का कोई भी योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने वर्तमान राज्य सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की, लेकिन जनता इसका सबक भारतीय जनता पार्टी को आने वाले लोकसभा चुनाव में सिखाएंगे और केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### भाजपा ने राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश की

वहीं कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी एवं कसौली विधानसभा सीट से विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि भाजपा ने राज्य सरकार को अस्थिर करने की साज़िश की और हिमाचल प्रदेश की अस्मिता पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुझे और विक्रमादित्य सिंह को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारा गया है और मुख्यमंत्री फ़्रंट फुट पर खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश के देवी देवताओं और जनता के आशीर्वाद से सभी चारों सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा कि उनके पिता केडी सुल्तानपुरी छह बार सांसद रहे और जिस सच्चाई के साथ उनके पिता ने कार्य किया है उसी निष्ठा के साथ वह भी काम करेंगे और हमेशा लोगों के दुख-दर्द में साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद ने पिछले पाँच वर्ष में मात्र एक सवाल संसद में पूछा है।

## दोगली राजनीति से लोगों की आवाज दबाने की कोशिशः विक्रमादित्य सिंह

जगमार्ग न्यूज

**मंडी/सुंदरनगर।** हिमाचल के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर मंडी के रक्षक नहीं भक्षक हैं। यह बात प्रदेश पीडब्ल्यूडी मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह अपने मंडी जिला के दौरे के दौरान सुंदरनगर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने मंडी जिला में दोगली राजनीति कर रहे हैं और लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की दोहरी राजनीति को कांग्रेस सहन करने वाली नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जयराम ठाकुर प्रदेश सरकार पर युवाओं को नौकरियां नहीं देने के आरोप लगाते हैं। विक्रमादित्य सिंह ने खुले मंच से नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर को चुनौती



देते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत से डिबेट करने का कोई फायदा नहीं है। लेकिन वे जयराम ठाकुर के साथ ओपन डिबेट करने के लिए तैयार हैं। प्रदेश सरकार बीते 15 महीने में शिक्षा, जल शक्ति, वन सहित अन्य विभागों में रिकार्ड 22 हजार नौकरियां युवाओं को दी हैं। वहीं, विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जयराम ठाकुर में दम नहीं था और पीएम मोदी को सिर्फ शॉल और टोपी पहनाकर तथा नमस्कार कर वापिस लौट आते थे। उनमें दम था और केंद्र से पैसा लाना भी एक कला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीएम के सहयोग से केंद्र के साथ तालमेल बनाकर पैसा लेकर आए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू बार-बार प्रदेश को आपदा के समय मिलने वाले पैसे की बात करते हैं।

### हिमाचल में 7.59 करोड़ की अवैध शराब, 30 लाख रुपये की नकदी जब्त

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और उप-चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस, आबकारी और अन्य सम्बंधित विभागों द्वारा 10.60 करोड़ रुपये की अवैध शराब, नकदी, आभूषण जब्त किए गए हैं। यह जानकारी आज यहां निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य कर एवं आबकारी तथा पुलिस विभाग ने 7.59 करोड़ रुपये मूल्य की 5.28 लाख लीटर अवैध शराब जब्त की। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस विभाग ने अब तक 75.70 लाख रुपये की 37.85 किलोग्राम चरस, 1.34 करोड़ रुपये कीमत की 1.91 किलोग्राम हेरोइन तथा 29.18 लाख रुपये की नकदी पकड़ी है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 6.85 लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण भी जब्त किये जा चुके हैं। जिला कांगड़ा में एक बड़े अभियान के तहत, राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने पुलिस के साथ साझा अभियान में इंदौरा तहसील के मंड क्षेत्र के तीन गांव गग्वाल, उलेहरियां और त्योरा में छापेमारी कर 1.01 लाख लीटर लाहन जब्त की जिसका मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये है।

## एसजेवीएन ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया

➩ उत्तराखंड में हाई-परफॉर्मेंस वॉटर स्पोर्ट्स एकेडमी विकसित करने के लिए किया समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित




रीना ठाकुर

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** एसजेवीएन ने शुक्रवार गीता कपूर, सीएमडी, एसजेवीएन और शैलेंद्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), टीएचडीसी की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तराखंड के टिहरी में हाई-परफॉर्मेंस वॉटर स्पोर्ट्स एकेडमी के विकास के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर गीता कपूर ने कहा कि एमओयू के अनुसार, एसजेवीएन हाई-परफॉर्मेंस वॉटर स्पोर्ट्स एकेडमी में उन्नत व्यायामशाला की स्थापना के लिए टीएचडीसी को रुपये एक करोड की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस एकेडमी में आधुनिक उपकरणों और बुनियादी ढांचे के साथ प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल होंगे। कयाकिंग और कैनोइंग में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों को प्रशिक्षण देने के लिए एसजेवीएन, टीएचडीसी, आईटीबीपी, भारतीय कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन और ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सहयोग से यह सुविधा विकसित की जा रही है। एकेडमी कुशल एथलीटों के स्थायी प्रवाह को सुनिश्चित करते हुए कम उम्र से ही वॉटर स्पोर्ट्स में प्रतिभा की पहचान कर उसे निखारने में सहयोग करेगी। वाटर स्पोर्ट्स एकेडमी के विकास से युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यह भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की प्रमुख पहल 'खेलो इंडिया' के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। एमओयू पर अवधेश प्रसाद, जीएम (सीएसआर) एसजेवीएन और अमरदीप, जीएम (सीएसआर), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने हस्ताक्षर किए।

### पुलिस ने ट्रक से बिना बिल पकड़े 65 व्यावसायिक सिलेंडर

**सोलन (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने जनपद में वीरवार शाम पांच बजे एक ट्रक से 65 व्यावसायिक सिलेंडर बरामद किए है। पुलिस ने जानकारी के अनुसार मामला दोहरी दीवार सोलन के समीप का है, जहां ट्रक (पीबी 11डीई 0618) को चेकिंग के लिए रोका गया। इसी दौरान ट्रक से 65 व्यावसायिक सिलेंडर बरामद किए गए। चालक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह वाहन में 65 भरे सिलेंडर लेकर लालडू एलपीजी प्लांट से निकला और सिलेंडरों को शिमला के निकट शोघी में उतारा वहां से 65 खाली सिलेंडर लेकर वापस जा रहा था। बिक्री सम्बंधित किसी भी प्रकार का बिल, कैश मेमो चालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। चालक की पहचान जसप्रीत सिंह, पुत्र सविंदर सिंह, निवासी चन्दू खुर्द, पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने संबंधित गैस एजेंसी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र देश मे हो रहें अन्याय के खिलाफ न्याय की आसः संजय अवस्थी

जगमार्ग न्यूज

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर आरोप लगाया है कि वह कांग्रेस पर बेबुनियाद आरोप लगा कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहें है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश मे हो रहें अन्याय के खिलाफ न्याय के लिये है। संजय अवस्थी ने कहा है कि कांग्रेस ने कभी भी लोगों पर कोई अवैध टैक्स नही लगाया और न ही किसी की संपति हड़प की। उन्होंने कहा है कि किसी की भी निजी सम्पति का अधिकार उसके मालिक और उसके आश्रितों की ही होती है। अवस्थी ने कहा है कि असल मे भाजपा कांग्रेस के घोषणा पत्र से घबराई हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में ऐसा कोई भी उल्लेख नही है कि सत्ता में आने के बाद लोगों की संपति पर सरकार अधिकार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दों से भाग रही है और ऊलजलूल बयानबाजी कर देश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने भाजपा से पूछा है कि वह लोगों को बताए कि उनके 10 साल के कार्यकाल में कितने बेरोजगारों को रोजगार मिला, जबकि उनका वादा था कि हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस सिलेंडर जो यूपीए के समय 450 रुपए का मिलता था, अब 1000 से ऊपर का मिल रहा है उसकी कीमत क्यों कम नही हुई। उन्होंने कहा कि आज देश बढ़ती मंहगाई से जूझ रहा है। किसान अपनी फसलों का समर्थन मूल्य मांग रहा है पर उनकी एक नही सुनी जा रही। किसानों के कोई ऋण माफ नही हुआ जबकि भाजपा के कुछ करीबियों के करोड़ो रूपये के ऋण माफ कर दिए गए।



### लोक सभा चुनावों के लिया ऑनलाइन शपथ

**मंडी (जगमार्ग न्यूज)।** लोक चुनाव 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने एवं वोट डालने को प्रेरित करने के लिए ऑनलाइन शपथ अभियान आरंभ किया जाएगा। एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी बल्ह विशाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बल्ह विधानसभा मतदाता जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मतदाता शपथ अभियान आरंभ किया गया है । स्वीप टीम बल्ह के कोऑर्डिनेटर पवन कुमार ने बताया कि एक जून को अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने के लिए मतदाताओं द्वारा ऑनलाइन ये शपथ ली जायेगी। इस शपथ को इमेल, व्हाट्स एप, फेसबुक इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का प्रयोग करके लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

## लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए किया प्रेरित




अजय सहगल

**मंडी (जगमार्ग न्यूज)।** विकास खंड अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में विकासखंड बाली चौकी की 50 ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में प्रधान, सचिव, ग्राम रोजगार सेवक तथा तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। इस बैठक में ग्राम पंचायतों द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के पश्चात मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वीप टीम के अधिकारी कृष्ण ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को आगामी लोकसभा चुनाव में न केवल बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया अपितु अपनी अपनी पंचायतों में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने का आवाहन किया।

कृष्ण ठाकुर ने अपने संबोधन में जनप्रतिनिधियों से अपनी पंचायतों से शत प्रतिशत मतदान करवाने की अपील की। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को मतदाता शपथ दिलाई गई और साथ ही स्वीप टीम के अधिकारी कृष्ण ठाकुर ने मतदान के महत्व पर स्वरचित गाने को गाकर जागरूकता का संदेश दिया।

समीक्षा बैठक में विकासखंड बाली चौकी के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पति व ससुरालियों ने महिला को पीटा बाल भी नोंचे, पुलिस ने की जांच शुरू

ऋषि ठाकुर

**बद्दी (जगमार्ग न्यूज)।** ग्राम पंचायत हरिपुर संडोली के तहत महिला थाना बददी में पति व ससुरालियों ने विवाहिता महिला को जमकर पीटा और सिर के बाल तक नोंच कर अलग कर दिए।



हरिपुर संडोली गांव के मामले में आरोप है कि सोमवार 22 अप्रैल की रात्री महिला के पति ने शराब पीकर अपनी पत्नी को इतना पीटा की वह बेहोश हो गई और क्रूरतम हरकत हुए पति ने उसके सिर के बाल तक नोंच डाले। बददी की निकटवर्ती गांव संडोली डाकघर बददी जिला सोलन में एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई की उसके साथ ससुराल में पति सहित अन्य लोगों ने पिटाई की है। महिला ने बताया कि 2018 में उसकी शादी संडोली निवासी एक युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसके ससुराल वालों ने उसे मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताडित करना शुरू कर दिया था। 22 अप्रैल को भी उसके पति ने उसके साथ बुरी तरह अमानवीय व्यवहार किया और मारपीट की। इस मारपीट के दौरान उसके पति ने सिर के बाल तक नोंच कर अलग कर दिए। मारपीट में उसे कई स्थानों पर चोटें आई हैं। सारे मामले की शिकायत महिला ने अब बददी पुलिस को दी है। एएसपी बददी अशोक वर्मा ने कहा कि शिकायत आई है, मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपित पति ने कोर्ट में अंतरिम जमानत के लिए आवेदन किया है, जिसकी सुनवाई शनिवार को नालागढ़ न्यायालय में होगी।

**बयान** 2014 और 2019 के चुनावों में जो वायदे भाजपा ने किए थे, एक भी नहीं हुए पूरे

## दस साल से भाजपा के पास सत्ता, जनता को दें अपने काम का हिसाबः नरेश

जगमार्ग न्यूज


**शिमला।** कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि देश में दस साल से सत्ता भाजपा के पास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनको अपने दस साल की सरकार के काम काज का हिसाब जनता को देना चाहिए। चौहान ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जनता से जो वायदे किए थे, जो सपने दिखाए, वह कितने पूरे किए हैं, इसका हिसाब जनता को देना चाहिए। आज दस साल बाद फिर जनता के पास जा रहे हैं, तो बताना चाहिए कि भाजपा ने घोषणा पत्र के अनुसार कितने वायदे पूरे किए हैं।

नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा के सभी वायदे जुमले ही साबित हुए हैं। वोट के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने कहा कि सरकार बनने के बाद 15 लाख रुपए हर आदमी के खाते में आएंगे, जब सत्ता में बैठे तो कहने लगे कि यह चुनावी जुमला था। इसी तरह युवाओं को ठगने का काम भाजपा ने किया है। चुनावों के समय वायदा किया कि हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के वायदे के अनुसार दस वर्ष में देश के 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए था, जो नहीं मिला। जिससे अब कोई भी भाजपा नेता युवाओं को रोजगार देने की बात नहीं करता है। भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करनी, विकास करने, स्मार्ट सिटी बनाने, महंगाई कम करने आदि वायदे किए थे, जो पूरी नहीं हुए।

अब भाजपा नेता पूरा प्रयास कर रहे हैं कि लोकसभा का चुनाव जनता के असली मुद्दों पर न आए।

### देश के मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय बढ़ाने के जमीन मुद्दे



नरेश चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों का न्याय की बात की है। देश के मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की आय बढ़ाने के जमीन मुद्दे हैं। कांग्रेस ने गारंटी दी है कि कांग्रेस ने गारंटी दी है कि सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार एमएसपी देने का कानून बनाएंगे। जब किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे तब भाजपा सरकार ने किसानों के आंदोलन को कुचला और धोखा दिया। जिसका जवाब चुनावों में किसान देंगे।

### आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं को दिए जाएंगे एक लाख रुपए

कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का सवाल करने का अधिकार नहीं, जवाब देने का समय है। कांग्रेस देश में विपक्ष में है और सवाल करने का अधिकार कांग्रेस का है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा कि केंद्र सरकार में 30 लाख पद खाली हैं, उनको भरा जाएगा। महिलाओं को गारंटी दी है कि 1 लाख रुपए आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं को दिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र में हर वर्ग को राहत देने की बात कहीं गई है। जिससे भाजपा नेता परेशान हो रहे हैं और अपनी उपलब्धियां बताने की जगह कांग्रेस के घोषणा पत्र की बात हो रही है। भाजपा ने जनता के साथ धोखा किया है और देश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जनता इन चुनावों में भाजपा का सबक सिखाने के लिए तैयार है।

## न्यूज डायरी

### ग्राम पंचायतों में चलाया जागरूकता अभियान

**मंडी (जगमार्ग न्यूज)।** सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा ने बताया कि प्रजातंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने किया जा रहा है। इसके लिए बल्ह विधानसभा की ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। इस कड़ी वीरवार को ग्राम पंचायत सरध्वार में कार्यक्रम का आयोजन करके आगामी लोकसभा चुनाव में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर बताया गया की अभी तक भी जिसने अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है वह 4 मई तक मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा सकता है।



### दिव्यांग खिलाडियों की क्रिकेट प्रतियोगिता 3 मई को बददी विवि में



**बद्दी (जगमार्ग न्यूज)।** अमित सिंगला मैमोरियल दिव्यांग क्रिकेट 20-20 प्रतियोगिता का आयोजन 3 व 4 मई को बद्दी में किया जा रहा है। बद्दी में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अमित सिंगला सोशल वैल्फेयर सोसाईटी के अध्यक्ष सुमित सिंगला ने बताया कि यह प्रतियोगिता एकलव्य क्रिकेट एकेडमी जो कि बद्दी विश्वविद्यालय के प्रांगण में है में आयोजित की जाएगी। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हिमाचल, हरियाणा व उतरांचल की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पदमश्री डीएसपी अजय ठाकुर भाग लेंगे वहीं प्रसिद्ध पंजाबी गायक सुम्मी प्रिंस दिव्यांग खिलाडियों का हौसला बढ़ाएंगे। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से टीम के कप्तान गुरमीत धीमान, शमशेर सिंह, संजीव कुमार, आजम, महेश कुमार, सुनील सिंगला ने भी अपने विचार रखे। हिमाचल की टीम ने प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के लिए अमित सिंगला सोशल वैल्फेयर सोसाईटी व कयोरटैक समूह के चेयरमैन सुमित सिंगला का आभार जताया और कहा कि बहुत कम लोग हैं जो कि दिव्यांग खिलाडियों व दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के बारे में सोचते हैं।

### रामपुर के जंगल में मिली युवती की लाश

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में एक युवती की बिना कपड़ों के लाश मिलने से सनसनी फेल गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया है। जंगल में यह लाश मिली है। फिलहाल, फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की है। सड़क से नीचे खाई में यह लाश गिरी हुई थी। रामपुर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। बताया जा रहा है 32 साल की महिला की पहचान रीता रोहड़ू के चिड़गांव दिऊदी के रूप में हुई है। महिला शादी शुदा थी और दो दिन से घर से लापता थी। जानकारी के अनुसार, शिमला से 100 किमी दूर रामपुर उपमंडल के नरैण पंचायत के तहत जराशी गांव के नर्सरी नाले में एक युवती का नग्न अवस्था में शव बरामद हुआ। युवती की शिनाख्त अभी तक नही हो पाई है। हुआ यूं कि नेपाली मूल का एक व्यक्ति बुधवार को जराशी गांव के साथ लगते जंगल में गुच्छी (पहाड़ी मशरूम) खोजने निकला था। इस दौरान उसे वहां मार्ग के साथ पेड़ में फंसा किन्नौरी शाल नजर आया। नेपाली शाल को देखने नजदीक गया तो करीब सौ फीट नीचे युवती का नग्न शव दिखा। नेपाली ने नरेन पंचायत के उप प्रधान अविनाश कायस्थ को शव की जानकारी फोन से दी। प्रधान शिवराम और उपप्रधान अविनाश कायस्थ ने पुलिस की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई और जांच की। मौके पर पहुंचकर उन्होंने शव अपने कब्जे में लिया। गुरुवार को शिमला से फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और बारीकी से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। डीएसपी रामपुर नरेश कुमार ने मामले की पुष्टी की है। रीता दो दिन से लापता थी. बुधवार को महिला का शव रामपुर के नरेन पंचायत में सुंगरी नाले के पास मिला. जिसको एक नेपाली ने देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

### अगले छह दिनों तक मौसम में व्यवधान का अनुमान

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल प्रदेश मौसम के मिजाज में आगामी बदलाव के लिए तैयार है क्योंकि मौसम विभाग ने 26 अप्रैल से 1 मई तक बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी की एक श्रृंखला की भविष्यवाणी की है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के पुनरुत्थान का अनुभव होने वाला है, जिससे वर्षा की संभावना बढ़ जाएगी। एक निर्बाध छह दिन की अवधि पूर्वानुमानों से पता चलता है कि पहाड़ की चोटियों पर संभावित बर्फबारी हो सकती है, बारिश 26 अप्रैल को देर शाम शुरू होने और 1 मई तक जारी रहने की उम्मीद है। बारिश की अधिकतम तीव्रता 27 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच चम्बा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू जिलों के अनुमानित है, जो ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी की आशंकाओं के साथ मेल खाती है। 26 से 28 अप्रैल के दौरान मैदानी इलाकों, निचली पहाड़ियों और मध्य पहाड़ी जिलों में छिटपुट गरज के साथ बारिश हो सकती है। विशेष रूप से, शिमला, सोलन, कुल्लू, सिरमौर, चंबा, कांगड़ा, बिलासपुर और मंडी जैसे क्षेत्र इस अवधि के दौरान ओलावृष्टि के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं। इसके बाद, 27 से 29 अप्रैल तक, कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, हमीरपुर, कुल्लू और मंडी में भारी बारिश का अनुमान है, जिससे 27 अप्रैल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया जाएगा। 30 अप्रैल से मौसम की स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है, नीचे दी गई जानकारी के अनुसार -इस संक्रमणकालीन चरण के दौरान सामान्य अधिकतम तापमान रहेगा। मौसम विभाग के निदेशक सुरेंद्र पाल मौसम परिवर्तन का कारण क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता को मानते हैं।

### आर्ट फेस्टिवल का आगाज, स्कूली बच्चे ले रहे हिस्सा

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल प्रदेश राज्य संग्रहालय द्वारा शिमला की ऐतिहासिक इमारत बेंटनी कैसल में शुक्रवार को तीन दिवसीय आर्ट फेस्टिवल का आगाज हो गया है। आर्ट फेस्टिवल में देश-विदेश के चित्रकारों के साथ स्थानीय कला प्रेमी और स्कूली बच्चे भाग ले रहे हैं। आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ सचिव भाषा एवं संस्कृति विभाग राकेश कंवर ने किया। राकेश कंवर ने बताया कि आर्ट फेस्टिवल राज्य संग्रहालय की तरफ से हर वर्ष करवाया जाता हैं। इसमें पूरे देश विदेश से लोग यहां आते हैं। शिमला के बच्चों को भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों से सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि इस फेस्टिवल में फाइन आर्ट कॉलेज और यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर भी हिस्सा लेते हैं जिससे बच्चों को सीखने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि यह आर्ट फेस्टिवल 2016 से लगातार करवाया जा रहा है।

### हिमाचल में चुनावी ड्यूटी करेंगे 15 हजार शिक्षक

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल में चुनाव का ऐलान होने के बाद अब प्रदेश के करीब 15 हजार शिक्षक चुनावी ड्यूटी पर जाएंगे। चुनाव आयोग की ओर से गैर शिक्षक कर्मचारियों की तो पहले ही ड्यूटियां लगाई जा चुकी है, लेकिन अभी शिक्षकों को चुनावी रिहर्सल के लिए भेजा जाएगा। रोस्टर तैयार किया जा रहा है कि किन स्कूलों के शिक्षक किस-किस पोलिंग बूथ पर ड्यूटी देंगे। ड्यूटी लगाने से पहले यह भी देखा जाएगा कि जिन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या कम है, वहां से कितने शिक्षकों को चुनावी ड्यूटी पर भेजा जाए, लेकिन इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने वाला है। कारण ये कि स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है। इन दिनों प्रदेश के स्कूलों में एडमिशन की प्रकिया अंतिम चरण में चल रही है। लेकिन शिक्षकों की चुनाव में डयूटी लगने से बच्चे सैशन की शुरूआत में पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। हर स्कूल से चार से पांच शिक्षकों की इसमें डयूटी लगाई गई है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि इससे बच्चों की पढ़ाई पर विवरित असर पड़ेगा।

### कॉलेजों में नई शिक्षा नीति होगी लागू

**शिमला (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल प्रदेश विवि की ओर से कॉलेज स्तर पर पढ़ाए जाने वाले यूजी कोर्स के लिए नए निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के कॉलेजों में अब नई शिक्षा नीति को लागू किया जाना है। इसके लिए एचपीयू की ओर से प्रदेश के 135 डिग्री कॉलेजों में बीए, बीएसई और बीकॉम के तहत कितने सब्जेक्ट पढ़ाए जा रहे हैं इसकी जानकारी दो दिनों के भीतर भेजनी होगी। ताकि इस डाटा से ये क्लीयर हो जाएगा कि अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में अब एनईपी के तहत कौन से नए विषय शामिल होंगे। कॉलेज स्तर पर चार वर्षीय यूजी प्रोग्राम को शुरू किया जाना है। इसके तहत ग्रेजुएशन अब चार साल में होगी। यूनिवर्सिटी की कमेटी ने ये तय किया है कि इसकी शुरुआत फर्स्ट ईयर से होगी। पुराने और नए सिस्टम में अंतर केवल इतना होगा कि अभी छात्रों के लिए एनुअल सिस्टम लागू है और एनइपी में छात्र समेस्टर वाइज पढ़ाई करेंगे। ऐसे में सभी कॉलेजों से दो दिनों के भीतर ये डाटा मांगा गया है। इसके साथ ही अभी तक ऐसे विषय जो कॉलेजों में ऑप्शन के तौर पर पढ़ाए जाते हैं वे भी डिग्री प्रोग्राम का हिस्सा होंगे। इसमें एनएसएस, एनसीसी और स्पोटर्स जैसे विषय शामिल है।

### बस व कार में टक्कर, चालक की मौत, कई घायल

**ऊना (जगमार्ग न्यूज)।** हिमाचल प्रदेश में ऊना जिले में जनपद के अंब उपमंडल के तहत पड़ते धुसाड़ा में वीरवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस व कार में भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बस में सवार चालक-परिचालक सहित कई यात्री घायल हुए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत में बस चालक ने बताया कि वह परिवहन निगम की बस (एचपी 73ए 5041) को लेकर हरिद्वार से चंबा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान धुसाड़ा पहुंचते ही कार चालक विनोद कुमार ने लापरवाही से कार (एचपी 19जी 4399) को ड्राइव करते हुए सामने से आकर बस में टक्कर मार दी। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। बस में सवार परिचालक सहित कई यात्रियों को भी हल्की चोटें पहुंची, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। मृतक के शव को भी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रीजनल अस्पताल भेज दिया गया जबकि घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक की पहचान विनोद कुमार (41) पुत्र बंशीलाल निवासी टकारला के रूप में की गई है। वहीं निगेश कुमार बस चालक की शिकायत के आधार पर कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि की।